>

Title: Need to construct elevated roads in Agra, Uttar Pradesh to reduce traffic congestion.

प्रो. रामशंकर (आगरा): महोदय, आगरा ऐतिहासिक और वर्ल्ड हेरिटेज सिटी है जहां लगभग 80 लाख से ज्यादा देशी और विदेश पर्यटक आते हैं। यहां की जनता आगरा शहर के मध्य नेशनल हाईवे-2 पर बहुत लंबे समय से एलिवेटिड रोड की मांग करती आ रही है। मैं माननीय प्रधानमंत्री से दो बार मिला, माननीय मंत्री जी से कई बार भी मिला। यह रोड नहीं बनने के कारण हर वर्ष सैंकड़ों दुर्घटनाएं होती हैं जिसमें विशेषकर छात्र शिकार होते हैं। यहां हर वर्ष लाखों पर्यटक बड़ी बसों और कारों से आते हैं। एक दिन में 40,000 से 60,000 तक देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं इस कारण पूरे शहर में जाम लग जाता है और पर्यटक चार से पांच घंटे जाम में फंसे रहते हैं। मेरी मांग है कि आगरा शहर में नेशनल हाईवे-2 पर सिकंदरा से लेकर झरना नाला तक एलिवेटिड रोड बनाया जाए। आगरा की लाइफ लाइन एमजी रोड पर भी एलिवेटिड रोड की मांग बहुत लंबे समय से है। हम चाहते हैं कि शहर में आने वाले देशी और विदेशी पर्यटक अच्छी छवि लेकर जाएं। इस शहर की जनता को परेशानी भुगतनी पड़ रहा है, जनता परेशान है। धन्यवाद।